



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

मई–2018



अन्दर के पृष्ठों पर........

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कार्मिक मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के पदक से सम्मानित

उत्तर प्रदेश पुलिस सप्ताह–2018 के अवसर पर दिनांक 05.03.2018 को मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 द्वारा एक कार्मिक को विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान किया गया। इससे पूर्व दिनांक 03.04.2018 को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा 14 कार्मिकों को दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान किया गया।



सेवानिवृत रेडियो उपनिरीक्षक
श्री श्रीराम



उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)
श्री एस0पी0 सिंह



सहायक रेडियो अधिकारी, लखनऊ
श्री के0एस0ए0 शाह



रेडियो निरीक्षक
श्री श्यामा कुमार सिंह



गोपनीय सहायक
श्री रमेश चन्द्र सैनी



रेडियो उपनिरीक्षक
श्री सिब्तैन हैदर



रेडियो उपनिरीक्षक
श्री डी0के0 पाठक



रेडियो उपनिरीक्षक
श्री मैकू लाल



रेडियो उपनिरीक्षक श्री एम. ए. सिद्दीकी



रेडियो उपनिरीक्षक श्री रवीन्द्र नायरजी



रेडियो उपनिरीक्षक श्री बी.सी. बुधौलिया



रेडियो उपनिरीक्षक श्री ए.के. श्रीवास्तव



रेडियो उपनिरीक्षक श्री आर. के. श्रीवास्तव



रेडियो उपनिरीक्षक श्री वी.बी. सिंह

## उपलब्धियाँ

1. मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के दिनांक 02.04. 2018 को जनपद सिद्धार्थनगर एवं दिनांक 03.04.2018 को जनपद सन्तकबीर नगर भ्रमण के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

2. दिनांक 22.04.2018 को तीर्थाकर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में मा0 राज्यपाल, हरियाणा श्री कप्तान सिंह सोलंकी द्वारा दीक्षांत समारोह में भाग लिया गया। भ्रमण के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

3. मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के दिनांक 22.04. 2018 को जनपद शाहजहाँपुर भ्रमण के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## सराहनीय कार्य

1. जनपद संतकबीरनगर में दिनांक 12.04. 2018 को समय लगभग 0346 बजे यूपी–100 से जनपद नियंत्रण कक्ष को अवगत कराया गया कि हैसर बाजार, थाना घनघटा से एक ट्रक नम्बर यूपी–54 डी 2788 का चालक एक लड़की को ट्रक में बैठाकर भाग रहा है। इस सूचना पर जनपद नियंत्रण कक्ष में ड्यूटीरत प्र0परि0/693, तारकेश्वर पाण्डेय एवं प्र0परि0/5979, दिनेश यादव द्वारा जनपद के समस्त थानों को सचेत करते हुए चेकिंग कराकर उक्त ट्रक को पकड़वा कर लड़की व ट्रक चालक को थाना खलीलाबाद के सुपुर्द किया गया।

2. दिनांक 11.04.2018 को यूपी–100 द्वारा कन्ट्रोल रुम बदाँयू को समय लगभग 10:47 बजे इवेन्ट नम्बर 3289 पर सूचना दी गयी कि ग्राम नौशेरा में एक मोबाइल टावर पर दो लोग अपने साथ पेट्रोल लेकर आत्महत्या के इरादे से चढ़े हैं। इस सूचना पर ड्यूटीरत स0परि0/4445, अरविन्द कुमार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीआरवी 1279 को तुरन्त मौके पर भेजकर दोनों व्यक्तियों को नीचे उतारा गया। इस पर जनपद के अधिकारियों द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी।

## कर्नाटक विधान सभा चुनाव–2018

कर्नाटक राज्य विधान सभा चुनाव–2018 ड्यूटी हेतु उ0प्र0 पीएसी की 10 कम्पनी के साथ संचार व्यवस्था हेतु 14 एचएफ सेट, 40 स्टेटिक/मोबाइल सेट एवं 150 हैण्ड हेल्ड सेट के साथ निम्न संख्या में विभिन्न जनपदों/इकाईयों से रेडियो स्टाफ को भेजा गया है– 1. रेडियो निरीक्षक–01, 2. रेडियो उपनिरीक्षक–02, 3. प्रधान परिचालक यॉंत्रिक–12, 4. प्रधान परिचालक/सहायक परिचालक–34, कर्मशाला कर्मचारी–02, 5. संदेशवाहक–01 यह कटिन्जेण्ट दिनांक 01. 05.2018 को कानपुर से प्रस्थान करेगा।

## मई–2018 की मुख्य गतिविधियाँ

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–एक–34 (86)2018 दिनांक 03.04.2018 द्वारा ''प्रधानमंत्री रजत कप निबन्ध प्रतियोगिता–2018'' हेतु दिनांक 31.05.2018 तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गयी हैं। प्रतियोगिता का विषय है– The case for evidence based policing. निबन्ध अंग्रेजी भाषा में एवं शब्दों की सीमा 3500 शब्द तक ही सीमित है। यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है।

## कल्याणकारी कार्य

1. उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याः 12ए (डेंगू/चिकनगुन्या/बचाव) 2018 दिनांक 19.04.2018 द्वारा डेंगू एवं चिकनगुन्या से बचाव हेतु महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 के पत्रांक अपर निदे0/वी0बी0डी0/डेंगू/2018/47पी/ 2018 दिनांक 02.02.2018 में दिये गये कतिपय सुझावों से समस्त अधीनस्थों को अवगत कराने एवं अनुपालन कराने की अपेक्षा की गयी है।

2. पुलिस रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों एवं उनके परिवारों के लिए दिनांक 23.04.2018 को निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया जिसमें 26 कार्मिक लाभान्वित हुये।

3. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में 455 कार्मिकों का उपचार अप्रैल/2018 में किया गया।

4. पुलिस रेडियो से सेवानिवृत्त निदेशक, दूरसंचार, श्री राम गोपाल गुप्ता द्वारा अपनी पत्नी स्व0 राजेश्वरी देवी की स्मृति में ''राजेश्वरी देवी चेरिटेबल ट्रस्ट'' नाम से एक ट्रस्ट पंजीकृत कराया गया है। इस ट्रस्ट की एग्ज़िक्यूटिव कमेटी की बैठक दिनांक 04.03. 2018 में निर्णय लिया गया है कि यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा 2018 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले पुलिस रेडियो कार्मिक के पुत्र/पुत्री को रु. 10,000.00 नगद धनराशि प्रदान की जायेगी। इस सम्बन्ध में श्री राम गोपाल गुप्ता जी के अनुरोधानुसार दिनांक 25.04.2018 को सभी रेडियो कार्मिकों हेतु सीक्यू करके आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

## शासनादेश, आदेश एवं कार्यालय ज्ञाप

1. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–एक–3(निर्देश) 2018 दिनांक 25.02.2018 के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अवकाश पर अथवा सरकारी दौरों पर जाते समय अवकाश व दौरे की समाप्ति पर किस तिथि को मुख्यालय

वापस लौटने के सम्बन्ध में उनके द्वारा मोबाइल नम्बर एवं उनकी अनुपस्थिति में किस अधिकारी द्वारा उनका कार्य देखा जायेगा, अंकित न किये जाने के सम्बन्ध में आपातकालीन स्थिति में उनसे सम्पर्क न हो पाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है कि सभी कार्यालयाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष अवकाश अथवा राजकीय कार्य से मुख्यालय छोड़ने हेतु अनुमति प्राप्त करते समय और यात्रा कार्यक्रम जारी करते समय उक्त सभी सूचनाओं का उल्लेख अपने पत्र में आवश्यक रूप से करेंगे।

2. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश संख्याः डीजी–तीन–124(1)2018 दिनांक 26.04.2018 के द्वारा, पुलिस सप्ताह–2018 के दौरान दिनांक 03.04.2018 को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 की परेड एवं दिनांक 05.04.2018 को रैतिक परेड के आयोजन के दौरान प्रशंसनीय परेड हेतु, दिनांक 07.04.2018 को पुलिस लाइन्स में आयोजित बड़ा खाना के समय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उपरोक्त कार्मिकों को 05 दिवस का पारितोषिक अवकाश प्रदान किये जाने सम्बन्धी निर्णय से अवगत कराते हुए अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

3. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश संख्याः डीजी–तीन–124(1)2018 दिनांक 26.04.2018 के द्वारा, पुलिस सप्ताह–2018 के दौरान दिनांक 03.04.2018 को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 की परेड एवं दिनांक 05.04.2018 को रैतिक परेड के आयोजन के दौरान प्रशंसनीय परेड हेतु, दिनांक 07.04.2018 को पुलिस लाइन्स में आयोजित बड़ा खाना के समय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उपरोक्त कार्मिकों को निम्न प्रकार नकद पुरस्कार प्रदान किये जाने सम्बन्धी लिये गये निर्णय से अवगत कराते हुए अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है–

(1) अराजपत्रित परेड प्रशिक्षक (प्रत्येक को) रु. 1500.00

(2) निरीक्षक/दलनायक (प्रत्येक को) रु. 1000.00

(3) उपनिरीक्षक/गुल्मनायक (प्रत्येक को) रु. 750.00

(4) मुख्य आरक्षी (प्रत्येक को) रु. 500.00

(5) आरक्षी (प्रत्येक को) रु. 400.00

(6) चतुर्थ श्रेणी कर्मी (प्रत्येक को) रु. 300.00

4. शासन के पत्र संख्याः 1357/6–पु–1–10–150(39)/72 टीसी दिनांक 03.06.2010 द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी की सुरक्षा एवं अन्य बम डिस्पोज़ल स्क्वाड तथा पुलिस बल के श्वानों की प्रतिदिन देय खुराक/सामग्री तथा अनुरक्षण पर व्यय का निर्धारण किया गया है। श्वानों के लिये निर्धारित खुराक के सापेक्ष निर्धारित सामग्रियों के क्रय मूल्य में वर्तमान परिवेश में दर वृद्धि हो जाने के परिणामस्वरुप वर्तमान बाजार भाव के अनुसार आंकलन करते हुए प्रत्येक श्वान के खुराक तथा अनुरक्षण पर पूर्व निर्धारित रु. 295.00 के स्थान पर उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याःबजट–सात–44(श्वान)2018 दिनांक 25.04.2018 द्वारा रु. 355.00 प्रतिदिन निर्धारित किया गया है। यह दर अप्रैल 2018 से प्रभावी है।

5. उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याःसात–130–2007(वेबसाइट) दिनांक 30.03.2018 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस एम्बलम के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित किये जाने की अपेक्षा की गयी है कि पुलिस अधिकारियों/कर्मियों द्वारा धारण की जा रही वर्दी वस्तुओं में सम्मिलित उ0प्र0 पुलिस के ताज (लोगो) एवं अन्य समस्त स्टेशनरी/उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट आदि समस्त स्थानों में प्रयोग किये जा रहे उ0प्र0 पुलिस के लोगो में निहित भारत सरकार के स्टेट एम्बलम में यथास्थान देवनागिरी लिपि में "सत्यमेव जयते" अवश्यमेव रुप से अंकित हो।

6. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के परिपत्र संख्याः 18/2018 दिनांक 26.04.2018 द्वारा जनपद/परिक्षेत्र/जोन स्तर पर एक सशक्त एवं सक्रिय मीडिया/सोशल मीडिया सेल के पुनर्गठन तथा विभिन्न स्तर के कार्मिकों के कार्य एवं दायित्व के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश जारी किये गये हैं।

## आदेश एवं गोष्ठी

### पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार की गोष्ठियाँ एवं भ्रमण कार्यक्रम

1. दिनांक 19.04.2018 को जनपद मथुरा की संचार इकाइयों का निरीक्षण/भ्रमण व संचार व्यवस्था की समीक्षा की गयी।

2. रेडियो मुख्यालय पर दिनांक 27.04.2018 को स्टाफ गोष्ठी आयोजित की गयी। विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। आगामी गतिविधियों पर विचार– विमर्श किया गया एवं कार्य में सुधार हेतु दिशा–निर्देश जारी किये गये।

## नीलामी कार्यवाही

दिनांक 23.05.2018 को रेडियो मुख्यालय के 06 अदद निष्प्रयोज्य वाहनों की नीलामी प्रस्तावित है।

## रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप

पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के आदेश संख्याः डीजी/सीए–01/2018 दिनांक 25.04.2018 द्वारा पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में संचालित होने वाली परीक्षाओं के आयोजन तत्सम्बन्धी कार्यवाही एवं परीक्षा परिणाम घोषित करने का दायित्व तत्काल प्रभाव से श्री सुनील कुमार शुक्ल, राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन को सौंपा गया है।

## विविध

1. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में प्रचलित विभागीय ग्रेड–द्वितीय 90वें बैच की मध्य सत्र परीक्षाएँ मई 2018 में प्रस्तावित हैं।

2. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 02.01.2018 से प्रचलित चार माह के ग्रेड–द्वितीय 89वें विभागीय प्रशिक्षणकार्यक्रम की मुख्य परीक्षाएँ दिनांक 25.04.2018 से दिनांक 30.04.2018 तक सम्पन्न करायी गयीं। इस कोर्स का समापन दिनांक 30.04.2018 को हुआ।

3. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 01.05.2018 से चार माह का 91वां ग्रेड–द्वितीय विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## सेवानिवृत्ति

निम्न 11 कार्मिक अप्रैल–2018 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बृजेश चन्द्र, कन्नौज,
2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मिर्जा जमील हुसैन,

रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री लक्ष्मी नारायन जाटव, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृष्ण देव पाण्डेय, यूपी–100, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हरिशंकर राव, महाराजगंज, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री भगवती चरण बुधौलिया, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विपिन कुमार, मुरादाबाद, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अंजनी कुमार मिश्र, सुल्तानपुर, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री संग्राम सिह यादव, प्रतापगढ़, 10. प्रधान परिचालक/659, श्री अशोक कुमार बाल्मीकि, रेडियो मुख्यालय, 11. सहायक परिचालक / 1143, गीता राय, लखनऊ

## खेल–कूद

उ0प्र0 पुलिस की 67वीं वर्षिक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन मई–2018 के द्वितीय सप्ताह में चतुर्थ वाहिनी पीएसी, इलाहाबाद में प्रस्तावित है।

## सामूहिक श्रमदान ''हलमा''

जनपद लखनऊ में गोमती संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 28.04.2018 को सामूहिक श्रमदान ''हलमा'' का आयोजन किया गया था। इस श्रमदान में पुलिस रेडियो के 50 कार्मिकों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। गोमती नदी की सफाई की एवं वृक्षारोपण किया।





## असामयिक निधन

रेडियो उप निरीक्षक, श्री रईस मोहम्मद नियुक्ति जनपद ललितपुर का दिनांक 26.04.2018 को ललितपुर में असामयिक निधन हो गया। वह लम्बे समय से बीमार थे।

## पुलिस सप्ताह–2018 का आयोजन

पुलिस सप्ताह–2018 के अवसर पर रेडियो मुख्यालय स्थित सभागार में "उ0प्र0 पुलिस पेन्शनर्स कल्याण संस्थान" की वार्षिक बैठक एवं अन्य महत्वपूर्ण बैठके दिनांक 04.04.2018 एवं 06.04.2018 को सम्पन्न हुई।




## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो का स्थापना दिवस सम्बन्धी कार्यालय ज्ञाप

कार्यालय–ज्ञाप

दिनांक 17–8–87 को राजपत्रित अधिकारियों की बैठक में पुलिस रेडियो शाखा के स्थापना दिवस ( Foundation day ) को निर्धारित करने के बारे में विचार विमर्श हुआ। मिलेट्री पुलिस के अंग के रूप में प्रयोग के तौर पर पुलिस अधीक्षक, वायरलेस के पद की स्वीकृति शासनादेश संख्या: ओ–2883/III–688–40 दिनांक 6–1–1941 द्वारा हुई थी। प्रयोग के सफल हो जाने पर शासनादेश संख्या: 8769/आठ–886–42 दिनांक 2–10–1942 द्वारा पुलिस वायरलैस की पृथक शाखा के रूप में नियमित रूप से स्थापना हुई थी। राजपत्रित अधिकारियों की सामान्य सहमति ( General Consensus ) इस बात पर रही कि जिस दिन से पुलिस रेडियो शाखा को पृथक इकाई के रूप में मान्यता मिली है, उसी दिन को पुलिस रेडियो शाखा का स्थापना दिवस ( Foundation day ) माना जाय। अत: राजपत्रित अधिकारियों की दिनांक 17–8–87 की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार पुलिस रेडियो शाखा का स्थापना दिवस 2 अक्टूबर, 1942 माना जाता है।

संख्या: एम–10/87
दिनांक: अगस्त 31, 1987

(राम गोपाल गुप्त)
निदेशक (रेडियो संचार),
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय,
महानगर–लखनऊ–226006

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– समस्त राजपत्रित अधिकारी, पुलिस रेडियो शाखा, उ0प्र0
2– कार्यालय–अधीक्षक
3– रेडियो निरीक्षक (कार्मिक)
4– एक प्रति कार्यालय–अधीक्षक को गार्ड फाइल में रखने हेतु।
5– रेडियो निरीक्षक, प्लानिंग।

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक(पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण–श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक, श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, रे0उ0नि0, अख्तर अली, रे0उ0नि0, डिज़ाइन सहयोग– श्री अजय कुमार सोनकर, प्र0परि0।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88    प्रतियाँ – 200